निगम भिलाई क्षेत्र में पीएम आवास से निर्मित मकानो का आबंटन किया जाएगा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नागरिको को आवास का आबंटन निरंतर किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में अलग–अलग जगहो पर पीएम आवास का निर्माण किया गया है एवं कुछ जगहो पर निर्माण कार्य जारी है। जिन मकानो का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है उन मकानों को हितग्राहियो को आबंटन किया जा चुका है। इसी प्रकार जिन मकानो का निर्माण कार्य जारी है उन मकानो का आबंटन किया जाना है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में अब तक 15 स्थानों पर कुल 3709 आवासों का स्वीकृति प्राप्त हुआ है, जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। कुल मकानो में से 1083 मकानों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 1912 मकान पूर्णता पर है। जिसको दिसम्बर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। निर्माण किये गये मकानो मे से 1083 मकानो का आबंटन हितग्राहियो का किया जा चुका है। जिनमें से 1906 आवास आबंटन हेतु शेष है। जिसके लिए 2058 हितग्राहियो का चयन जिला चयन समिति के द्वारा किया जा चुका है। जैसे ही हितग्राही द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान की राशि निगम कोष में जमा किया जाएगा। उन्हे नियमानुसार लाटरी पद्वति से आवास आबंटन कर दिया जाएगा। नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में दिनांक 03.10.2024 को समय प्रातः 11:00 बजे मकान आबंटन हेतु लाटरी रखा गया है। जिन हितग्राहियो द्वारा पहले से आवेदन जमा किये है और प्रथम किश्त की राशि जमा कर चुके है। उन्हे आगामी लाटरी पद्वति में शामिल हो सकते है। जिसकी सूचना हितग्राहियो को समाचार पत्रों, दुरभाष एवं सूचना पत्र के माध्यम से पृथक से दिया जाएगा। मकान आबंटन होने के पश्चात शेष बकाया राशि 9 समान किस्तों में जमा कर मकान की चाबी प्राप्त कर सकते है।